तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026


12 संक्रांति पर्व पर आनंद मेला का किया आयोजन, ..



12 15 वें वित्त आयोग की पहली किश्त से पंचायतों ...



## खबर संक्षेप



### विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल से की मुलाकात

**दुर्गूकोंदल।** भानुप्रतापपुर क्षेत्र कि विधायक सावित्री मनोज मंडावी 14 जनवरी को भिलाई स्थित निवास पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। विधायक ने कहा कि भूपेश बघेल का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायक रहा है और उनके अनुभवों से जनसेवा को और अधिक प्रभावी बनाने की प्रेरणा मिलती है।

### अंतागढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने दुर्गेश

**अंतागढ़।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से ब्लॉक अध्यक्षों की सूची अटकी पड़ी हुई थी। सभी



ब्लॉकों में कार्यकर्ताओं द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष के लिए अपनी अपनी दावेदारी पेश की थी और सूची का आने का इतंजार कर रहे थे, किंतु बड़े अंतराल के बाद अंततः छत्तीसगढ़ के सभी ब्लॉकों के 307 अध्यक्षों की नाम की घोषणा कर दी गई है, जिसमें अंतागढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के लिए दुर्गेश ठाकुर का नाम सूची में जारी किया है।

### रजत महोत्सव के तहत आज जिला स्तरीय किसान मेला

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कांकेर में एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 15 जनवरी गुरुवार को सुबह 11 बजे से एमजी वार्ड स्थित न्यू कम्यूनिटी हॉल में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग, अध्यक्षता विधायक आशाराम नेताम, विशिष्ट अतिथियों में विधायक विक्रम उसेण्डी, विधायक सावित्री मंडावी, भरत मटियारा, शालिनी, अरूण कौशिक और जिला पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### मानस गान महोत्सव का आयोजन 17 से

**सरोना।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय तीन दिवसीय स्वर मानस गान महोत्सव का आयोजन तहसील सरोना के ग्राम भिरौद में किया जा रहा है। यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव 17 जनवरी शनिवार से प्रारंभ होकर 19 जनवरी सोमवार तक चलेगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### शक्ति चेतना जन जागरण योग साधना शिविर 22 से

**भानुप्रतापपुर।** सिद्ध आश्रम स्थापना दिवस पर्व श्री शक्तिपुत्र महाराज के द्वारा अधर्म के नाश व सत्यधर्म की स्थापना तथा माता भगवती श्री दुर्गा की दिव्य चेतना को जन-जन मे जाग्रत करने व नशे मांसाहार से मुक्त चरित्रवान, चेतनावान परोपकारी एवं पुरुषाथी समाज के निर्माण के लक्ष्य को लेकर विश्वअध्यात्म की धर्मधुरी के रूप में स्थापित अलौकिक साधनास्थली, तपोभूमि पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम के स्थापना दिवस के पावन पर्व पर 22 व 23 जनवरी को द्वि दिवसीय शक्ति चेतना जन जागरण योग साधना शिविर का विशाल आयोजन क्या जा रहा है।

**हादसा :** पखांजुर जा रहा सवारी वाहन कुलगांव के पास हुआ दुर्घटनाग्रस्त

# पखांजुर मेला देखने जा रहे यात्रियों की खुशियों पर फिरा पानी, सड़क दुर्घटना में दो की मौत, 16 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- वाहन में 18 लोग सवार थे, जिसमें 4 की हालत सामान्य

खुशियों और मेले की उमंग लेकर निकले लोगों की यात्रा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में कुलगांव के पास मातम में बदल गई। तेज रफ्तार वाहन के अनियंत्रित होने से हुए इस भीषण सड़क हादसे में 02 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की भयावहता इतनी अधिक थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई।

कांकेर जिले के विकासखंड कांकेर अंतर्गत ग्राम कुलगांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बुधवार 14 जनवरी को यह दर्दनाक सड़क सुबह साढ़े 12 बजे के आसपास दुर्घटना हुई। जानकारी के अनुसार क्रूजर वाहन क्रमांक सीजी 17 केजे 8609 में 18 लोग सवार थे, जिसमें 10 महिलाएं, 05 पुरूष और 03 बच्चे थे। सवारी अधिक होने के कारण और वाहन की रफ्तार अधिक होने



के कारण क्रूजर टर्निंग के आगे सड़क से उतरकर खाई की ओर घुस गई। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का मुख्य कारण तेज गति और लापरवाही बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वाहन में सवार सभी यात्री ओड़िशा के नवरंगपुर जिले से पखांजुर मेला देखने के लिए निकले थे। यह दल केशकाल होते हुए पखांजुर की ओर जा रहा था। यात्रा



के दौरान उत्साह और जल्दबाजी के कारण वाहन की गति अत्यधिक तेज थी, जो इस बड़े हादसे का कारण बन गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद ग्रामीणों व राहगीरों ने तुरंत घायलों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद काफी देर ⏭ शेष पेज 10 पर

### घायलों को भेजा गया अस्पताल

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और 108 संजीवनी एंबुलेंस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला गया और तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र व जिला अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

### हादसे में दो लोगों की हुई मौत

इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान केशकाल निवासी 55 वर्षीय ओमप्रकाश कारला पिता सेवाराम कारला, जो वाहन चालक थे और ओड़िशा के नवरंगपुर जिला अंतर्गत थाना कुंदई के पीव्ही 2 पारबील निवासी 45 वर्षीय मिनाती मजूमदार पति निर्मल मजूमदार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दुर्घटना में 12 लोग घायल

जानकारी के अनुसार दुर्घटना में वाहन में सवार 16 लोग घायल हो गए है, जिसमें ओडिशा के पीव्ही 02 पारबील निवासी सोमित राय पिता ललित राय, 40 वर्षीय सुजिता मजूमदार पति सपन मजूमदार, 47 वर्षीय दीनबंधु विश्वास पिता खमेन विश्वास, 55 वर्षीय रिभा राय पति विमल राय, 38 वर्षीय प्रतला अधिकारी पति मानिक अधिकारी और 15 वर्षीय दुबुन विश्वास पिता देवरतन विश्वास, रायघर थाना क्षेत्र अंतर्गत उदयपुर निवासी 30 वर्षीय अशिम अधिकारी पिता सपने अधिकारी और उनकी 5 वर्षीय पुत्री दिव्या अधिकारी, कोण्डागांव जिले के केशकाल निवासी 35 वर्षीय रजिया पति अजगर अली, 15 वर्षीय रिफत पिता अजगर अल्ली, तथा शिवनी पाल निवासी 50 वर्षीय श्यामलाल नेताम पिता मिट्ठूराम नेताम घायल हुए हैं। घायल तीन को कांकेर से हायर सेंटर रिफर किया गया और उनकी पहचान नहीं हो सकी।

### देवकोंगरा में फार्म हाउस से नलकूप की केबल चोरी, किसान को 52 हजार का नुकसान



**कांकेर।** जिले के थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम देवकोंगरा में स्थित फार्म हाउस से अज्ञात चोरों द्वारा नलकूप में लगे केबल चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। चोरों ने सुनसान फार्म हाउस को निशाना बनाते हुए चार नलकूपों में लगे चार कोर केबल काटकर ले गए, जिससे फार्म हाउस मालिक को करीब 52 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद इलाके में किसानों और फार्म हाउस संचालकों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिंगारभाट निवासी 37 वर्षीय उदितवीर पासी पिता स्व. रविन्द्रनाथ पासी ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उनका फार्म हाउस ग्राम देवकोंगरा में स्थित है, जहां उन्होंने चार नलकूप खुदवाए हैं। इन सभी नलकूपों में बोर लगाकर चार कोर केबल वायर फिट किया गया था, जिससे पानी की व्यवस्था की जाती थी। उन्होंने बताया कि वह रोज की तरह 12 जनवरी को अपने फार्म हाउस पहुंचे थे। दिनभर मजदूरों से काम करवाने के बाद शाम करीब 6 बजे फार्म हाउस के गेट में ताला लगाकर वह अपने घर लौट आए थे। उस समय तक सब कुछ ⏭ शेष पेज 10 पर

# पखांजुर में नगर पंचायत की लापरवाही से राहगीर घायल, हरिभूमि ने किया था आगाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

हरिभूमि ने नगर पालिका प्रशासन को पांच दिन पहले ही चेताया था कि सड़क पर पड़ी गिट्टी किसी के लिए जानजोखिम हो सकती है, उसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन और स्थानीय प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई। अंततः बीती रात को हादसा हो गया, जिसमें एक निर्दोष राहगीर का खून सड़क पर बह गया।

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 में पिछले एक महीने से अधूरी पड़ी नाली निर्माण और सड़क पर बिखरी गिट्टी मंगलवार रात एक गंभीर हादसे का कारण बन गई। अंधेरे में सड़क पर पसरी गिट्टी दिखाई नहीं देने से एक दोपहिया वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो


नपं की सुस्ती, ठेकेदार की मानमानी से वार्ड 14 एवं 15 की जनता परेशान

गया। स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड क्रमांक 14 में विकास कार्य कछुआ गति से चल रहा है। ठेकेदार ने काम बीच में ही बंद कर दिया और निर्माण सामग्री को अवैध रूप से वार्ड क्रमांक 15 की मुख्य सड़क पर डंप कर दिया। ठेकेदार ने न तो सड़क से गिट्टी हटाई और न ही कोई चेतावनी बोर्ड या बैरिकेड लगाया गया। आमजन का कहना है कि वे पिछले कई दिनों से इस संभावित हादसे को लेकर आशंका जता रहे थे। हैरानी की बात यह है कि विभाग को इस खतरे की पूरी जानकारी थी। उसके बाद हाथ पे हाथ धरे बैठे रहे। अनुभाग में एसडीएम भी है, परंतु इस मामले के संज्ञान में आने के बाद किसी भी तरह की कोई पहल नहीं किया। नगर पंचायत की कार्यशैली सुस्त थी, तो एसडीएम को पहल करके समस्या का समाधान करना था।

### पाँच दिन पहले स्वीकार किया था

हरिभूमि से बात करते हुए नगर पंचायत के उपयंत्री अभिषेक दत्ता ने स्वीकार किया था कि शिकायतें मिली हैं और ठेकेदार को नोटिस भी जारी किया गया है। हरिभूमि ने चेताया था, उसके बाद भी गंभीरता नहीं दिखाई और हादसा हो गया। विभाग इसके बाद भी गंभीर होता है या नहीं, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# आत्मानंद स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया

**कांकेर।** आत्मानंद स्कूल नरहरपुर में स्कूली बच्चों को साइबर सुरक्षा से संबधित जागरूकता, यातायात संबंधी जानकारी दी गई। बच्चों व शिक्षकों को यातायात नियम पालन करने के लिए शपथ दिलवाई गई। बच्चों को पोस्टर व पॉम्पलेट वितरण किया गया। यातायात जागरूकता संबंधी पोस्टर स्कूल की दीवार व चौक चौराहो में लगाया गया तथा बच्चों को गुड टच बैड टच व महिला एवं बच्चों से सम्बंधित अपराधों के बारे में बताकर सतर्क किया गया। इस अवसर पर डीएसपी अविनाश ठाकुर, नोडल अधिकारी यातायात डॉ.



मेखलेन्द्र प्रताप सिंह, डीएसपी प्रतिभा लहरे, थाना प्रभारी नरहरपुर सोमेश सिंह बघेल, प्राचार्य एनके साहू, पार्षद मुकेश संचेती नरहरपुर व शहर के अन्य स्कूलों के बच्चे व शिक्षक उपस्थित रहे।

# सड़क पार करना पड़ा भारी, बस की ठोकर से बुजुर्ग की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का आतंक एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। चारामा तहसील कार्यालय के पास बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। भीड़भाड़ वाले इलाके में बस की बेलगाम रफ्तार ने न सिर्फ एक परिवार का सहारा छीन लिया, बल्कि प्रशासन



की लापरवाही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। थाना चारामा क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर बुधवार 14 जनवरी को दोपहर लगभग 3 बजे यह हृदय विदारक हादसा हुआ। ग्राम खैरखेड़ा निवासी 60 वर्षीय सगाउ राम जुर्री, पिता जयपाल जुर्री, तहसील कार्यालय से फोटो कॉपी कराने के बाद सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान कांकेर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक यात्री बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। बस की जोरदार टक्कर से बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात नियंत्रित करने के लिए बैरिकेट लगाए गए। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। आम नागरिकों का कहना है कि तहसील कार्यालय के पास जनपद कार्यालय, आत्मानंद स्कूल सहित अन्य शासकीय संस्थान स्थित हैं, जहां दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद यहां न तो स्पीड ब्रेकर हैं और न ही कोई ठोस यातायात व्यवस्था। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तहसील कार्यालय, बस स्टैंड, थाना, मस्जिद तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों के पहले स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं, ताकि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण हो सके और भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# आदिवासी संस्कृति, पर्यावरण चेतना और लोक परंपरा का जीवंत उत्सव है कोलांग उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

जनवरी माह में पड़ने वाली पौष अथवा माघ पूर्णिमा के अवसर पर कांकेर जिले के विभिन्न विकासखंडों भानुप्रतापपुर, नरहरपुर, अंतागढ़, कोयलीबेडा एवं कांकेर में आदिवासी अंचलों का प्रमुख सांस्कृतिक पर्व कोलांग विशेष उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि आदिवासी समाज की प्रकृति-केन्द्रित जीवनशैली, लोक संस्कृति और सामूहिक चेतना का सजीव उदाहरण भी है। कोरर तहसील के अंतर्गत ग्राम तरांदुल के गायता जग्गु राम गोटा ने बताया कि कोलांग पर्व आदिवासी समाज का विशिष्ट सांस्कृतिक पर्व है, जिसके माध्यम से जल, जंगल और जमीन की आराधना गीतों एवं नृत्यों द्वारा की जाती है। यह पर्व हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरण का प्रयास किया जाता है। तरांदुल नर्तक दल के सदस्य रामेश्वर कोर्राम ने जानकारी दी कि दल नायक दयाराम कोमरा के नेतृत्व में नर्तक दल ने चार दिनों तक बड़े पिंजोड़ी, पटेल पारा धनेली एवं खसगांव जैसे गांवों का भ्रमण किया। पर्व की शुरुआत ग्राम गायता की अनुमति एवं ठाकुर दाई की आराधना के साथ की गई। इस दौरान दल किसी घर या भवन में नहीं ठहरता, बल्कि पेड़-पौधों की छांव में विश्राम करता है। पर्व के सभी निर्णय और गतिविधियां दल नायक के निर्देशन में संचालित होती हैं, जिनकी नृत्य के दौरान विशिष्ट पहचान होती है। ग्राम के युवा शिवराज गोटा ने बताया कि नर्तक दल का मुखिया सामान्यतः तीन वर्षों का संकल्प लेकर कोलांग पर्व का संचालन करता है, जिसे वह पूर्ण निष्ठा से निभाता है। अंतिम वर्ष में अपनी साज-सज्जा का विसर्जन गांव की शीलता माता के समक्ष पूजा-अर्चना के साथ किया जाता है। अंत में सामूहिक भोज का आयोजन होता है। कोलांग पर्व की महत्ता को समझने और ⏭ शेष पेज 10 पर

**ग्रामीण पहुंचे मुख्यालय, गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की रखी मांग**

# किरगापाटी में फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, डर और लालच से धर्मांतरण कराने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के ग्राम किरगापाटी में धर्मांतरण को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। आदिवासी संस्कृति और परंपराओं पर मंडराते खतरे के विरोध में गांव के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे और पुलिस थाने में ज्ञापन सौंपकर पादरियों व धर्मांतरण कराने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि भोले-भाले आदिवासियों को डर, दबाव और चमत्कारी इलाज का लालच देकर उनका धर्म



परिवर्तन कराया जा रहा है। पीढ़ापाल क्षेत्र के ग्राम किरगापाटी से लगभग 80 ग्रामीण पुलिस थाने पहुंचे और थाना प्रभारी जितेंद्र साहू को लिखित आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में फिलहाल तीन परिवार धर्मांतरित हो चुके हैं, जो पिछले सात वर्षों से गांव में कथित तौर पर प्रार्थना घर संचालित कर रहे हैं। यहां लगातार बाहरी पास्टरों और पादरियों का आना-जाना लगा रहता है, जिससे गांव का माहौल प्रभावित हो रहा है। शिकायतकर्ता ग्रामीण योगेश ठाकुर, सावित्री कोरेटी, रामलाल दुग्गा सहित अन्य ने आरोप लगाया कि पीढ़ापाल क्षेत्र में अब तक 200 से अधिक परिवारों का धर्मांतरण कराया जा चुका है। धर्मांतरित परिवार अब गांव की पारंपरिक रीति-रिवाजों, सामाजिक नियमों और सांस्कृतिक परंपराओं को मानने से इनकार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियां असंवैधानिक हैं और इससे आदिवासी समाज की जड़ों पर सीधा प्रहार ⏭ शेष पेज 10 पर

### बाहरी लोगों के प्रवेश को रोका जाए

ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि गांव में बाहरी लोगों के प्रवेश पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने बताया कि धर्मांतरित परिवारों से गांव में बैठक कर उन्हें अपनी मूल संस्कृति में लौटने घर वापसी का आग्रह किया गया था, लेकिन वे इसके लिए तैयार नहीं हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो गांव की शांति और सौहार्द बिगड़ सकता है।

### पुलिस ने दिया आश्वासन

थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने ग्रामीणों की बात सुनने के बाद आश्वासन दिया कि पुलिस कानून के दायरे में रहकर उचित कार्रवाई करेगी। उन्होंने सभी से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में कानून हाथ में न लिया जाए और गांव का सौहार्द बना रहे।

# भानुप्रतापपुर–कांकेर मेन रोड पर हादसा, लापरवाह बाइक चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर–कांकेर मुख्य मार्ग पर एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही ने सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्रास नाला फारेस्ट नाका के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बुजुर्ग सड़क पर गिर पड़े और उन्हें पैर व चेहरे पर चोटें आईं। हादसे में दोनों वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलपारा केंवटी निवासी 40 वर्षीय नारायण वट्टी पिता धनीराम वट्टी ने थाना भानुप्रतापपुर में सड़क दुर्घटना की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि 13 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे उनके पिता धनीराम वट्टी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीयू 6430 से ग्राम बारवी, बुदेली माता निमंत्रण देने के लिए निकले थे। निमंत्रण देकर वापस लौटते



समय दोपहर करीब डेढ़ बजे भानुप्रतापपुर से कांकेर जाने वाली मेन रोड पर क्रास नाला फारेस्ट नाका पार करने के बाद यह हादसा हुआ। बताया गया कि पीछे से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएस 9524 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सामने चल रहे धनीराम वट्टी की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बुजुर्ग सड़क पर गिर पड़े। उनके दाहिने पैर और गाल में चोट आई, वहीं बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना घायल के मोबाइल से उनके छोटे बेटे नरसिंग वट्टी को मिली, जिसके ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### नारायणपुर में पति की हैवानियत, डॉक्टरों की तत्परता से बची महिला की जान

**नारायणपुर।** जिले के गढ़बंगाल की 38 वर्षीय महिला को उसके पति द्वारा चाकू से गला रेतने की घटना में गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उसे दोपहर लगभग 13 जनवरी को 12 बजे जिला अस्पताल नारायणपुर लाया गया, जहाँ उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक थी। अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों की टीम तुरंत सक्रिय हो गई। डॉ. आदित्य केक्ति, डॉ. हिमांशु सिन्हा, डॉ. डीबी नाग, डॉ. एसएस देवदास और डॉ. उत्तम, साथ ही नर्स राइमा, ओटी तकनीशियन लिंगा और घनश्याम ने मिलकर मरीज को तत्काल ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट किया। जांच में पाया गया कि मरीज के गले में गहरी चोट लगी थी तथा श्वासनली और अन्य महत्वपूर्ण संरचनाएं कट एवं क्षतिग्रस्त थीं। उसका रक्तचाप काफी कम हो चुका था और वह लगभग बेहोशी एवं मौत की स्थिति में थी। डॉक्टरों की टीम ने तेज़ी और समन्वय के साथ कार्य करते हुए ट्यूब डालकर श्वास मार्ग सुरक्षित किया, गर्दन की क्षतिग्रस्त संरचनाओं की मरम्मत की और मरीज को स्थिर किया। टीम के समर्पित प्रयासों से मरीज की जान बचाई जा सकी और उसे नया जीवन मिला।

### शहर के युवाओं को गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

**केशकाल।** पुलिस अधीक्षक महोदय कोण्डागांव पंकज चन्द्रा (भा.पु.से.) के द्वारा कोंडागांव जिले के समस्त थाना प्रभारियों को जिले में होने वाले अवैध जुआ, सट्टा, मादक पदार्थों की तस्करी समेत अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। एसपी महोदय के निर्देशानुसार एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन एंव पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में केशकाल थाना पुलिस के द्वारा लगातार गांजा तस्करो पर कार्यवाही की जा रही थी। इसी तारतम्य में दिनांक 13 जनवरी को केशकाल पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की धनंजय पाण्डे अपने घर में अवैध रूप से छोटा छोटा पुडिया बनाकर गांजा बिक्री हेतु छिपा कर रखा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ ने घेराबंदी कर मकान की तलाशी लेने पर रसोई कमरा में एक केरी बैग थैला के अंदर खुला (लुज) एक पारदर्शी झिल्ली से पैक किया हुआ एक पैकेट व 5 नग छोटे छोटे पेपर से रोल किया हुआ पुडिया कुल वजन 01.710 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया।

### पाटला में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

**फरसगांव।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत चिचाड़ी के आश्रित ग्राम पाटला में युवा संगठन समिति के द्वारा हर वर्ष की तरह सोमवार की रात रात्रिकालीन राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छग राज्य के अलग अलग जिले से बढ़ चढ़ कर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और मंच पर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल के पूर्व विधायक संतराम नेताम शामिल हुए।

# माकड़ी व घोड़ागांव में विकास कार्यों को मिली रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के समग्र विकास को गति देने की दिशा में सोमवार को बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी द्वारा कोंडागांव विकासखंड के ग्राम पंचायत माकड़ी एवं घोड़ागांव में अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।

ग्राम पंचायत माकड़ी में माता गुड़ी के समीप 5 लाख रुपये की लागत से रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वहीं मुख्य मार्ग से मरिपारा पहुँच मार्ग पर 6 लाख रुपये की लागत से निर्मित 2 मीटर पुलिया का लोकार्पण किया गया, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

**घोड़ागांव में उपस्वास्थ्य केंद्र व सांस्कृतिक कार्यों की शुरुआत :** घोड़ागांव में 34 लाख रुपये की लागत से उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण का भूमिपूजन किया गया, जो ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक होगा। इसके अतिरिक्त माता मंदिर निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई। घोड़ागांव के बड़ेपारा स्थित देवगुड़ी के पास 5 लाख रुपये की लागत से संस्कृति मंच निर्माण का भी भूमिपूजन किया गया।

### विधायक लता उसेंडी ने किया विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ



#### ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकता: विधायक

इस अवसर पर विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रें में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, संस्कृति एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और जीवन स्तर में सुधार आएगा।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, जनपद पंचायत कोंडागांव अध्यक्ष अनिता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर, सदस्य बाल सिंह बघेल, सेवक राम नेताम, प्रेम सिंह नाग, हितेंद्र झा, झूमक दीवान, संतोष पात्रे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

#### सीसी सड़क निर्माण एवं साइकिल वितरण

घोड़ागांव में रोड से टोडरीपारा होते हुए डेगापारा तक 400 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण के लिए 12 लाख रुपये की लागत से भूमिपूजन किया गया। साथ ही माकड़ी व घोड़ागांव में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें घोड़ागांव के 13 विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की गई।

### शासन की संवेदनशील पहल से साकार हुआ दूरस्थ अंचलों का सपना

# रामलला दर्शन योजना ने आमजन की आस्था को सरकार की संवेदना से जोड़ दिया है: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी पहलों में शामिल रामलला दर्शन योजना नारायणपुर जिले के श्रद्धालुओं के लिए आस्था, विश्वास और सौभाग्य की ऐतिहासिक यात्रा बनकर सामने आई है। इस योजना के अंतर्गत अब तक नारायणपुर जिले से अबतक सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु अयोध्या धाम पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान रामलला के भव्य दर्शन कर चुके हैं। यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए केवल धार्मिक भ्रमण नहीं, बल्कि जीवन भर स्मरण रहने वाली आध्यात्मिक अनुभूति बन गई है।

■ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर किए भव्य रामलला के दर्शन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा कैबिनेट मंत्री एवं नारायणपुर विधायक केदार कश्यप के मार्गदर्शन में योजना का जिले में प्रभावी, सुव्यवस्थित और संवेदनशील क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरकार की स्पष्ट मंशा है कि ग्रामीण, वनांचल एवं दूरस्थ अंचलों के श्रद्धालु भी बिना किसी आर्थिक या प्रशासनिक बाधा के अयोध्या धाम पहुंचकर रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त कर सकें। यात्रा के दौरान परिवहन, आवास, भोजन एवं दर्शन की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं ने शासन की संवेदनशीलता और प्रशासनिक दक्षता को भी उजागर किया।

पहली बार अयोध्या पहुंचे बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं की आंखों में छलकती श्रद्धा और चेहरे पर झलकता संतोष इस योजना की सफलता का सशक्त प्रमाण है। इस अवसर पर विधायक व कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा रामलला दर्शन योजना ने आमजन की आस्था को सरकार की संवेदना से जोड़ा है। दूरस्थ अंचलों से श्रद्धालुओं का अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन करना, जनसरोकार से जुड़ी राजनीति की सबसे सुंदर और सार्थक तस्वीर प्रस्तुत करता है।



#### सुशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता सुदृढ़

यह योजना न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक चेतना, सनातन परंपरा और सुशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ कर रही है। नारायणपुर जैसे दूरस्थ जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का रामधाम तक पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि जब नीति, नीयत और नेतृत्व एक दिशा में आगे बढ़ते हैं, तो आस्था भी सशक्त आधार पाती है। नारायणपुर से अयोध्या तक यह यात्रा केवल दूरी की नहीं, बल्कि विश्वास, भावनाओं और जनकल्याण के समन्वय की एक ऐतिहासिक और भावपूर्ण गाथा है।

#### श्रद्धालुओं ने साझा किए अपने अनुभव

अयोध्या धाम से दर्शन कर लौटे श्रद्धालुओं ने भी अपनी भावनाएं साझा कीं। पूजा कुलदीप ने कहा रामलला के भव्य मंदिर में प्रवेश करते ही मन श्रद्धा से भर गया। ऐसा लगा जैसे वर्षों की प्रतीक्षा आज पूर्ण हो गई हो। नकुल यदु ने अनुभव साझा करते हुए बताया रामलला के दर्शन से जो आत्मिक शांति मिली, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। शासन द्वारा की गई व्यवस्थाएं अत्यंत सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के अनुकूल रहीं। वहीं मनीषा तेता ने भावुक स्वर में कहा वनांचल क्षेत्र से आने वाले हम जैसे साधारण लोगों के लिए अयोध्या पहुंचना कभी सपना था। रामलला दर्शन योजना ने इस सपने को साकार कर दिया। यह हमारे जीवन की सबसे पवित्र और यादगार यात्रा बन गई। तीनों श्रद्धालुओं सहित दर्शन कर लौटे अन्य यात्रियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप जी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने आमजन की आस्था को सम्मान दिया है और सरकार को सीधे जनता से जोड़ने का कार्य किया है।

### भाजयुमो प्रदेश महामंत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष का नगर में भव्य स्वागत



**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव नगर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कृणाल सिंह ठाकुर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भीमा मड़काम का बुधवार को प्रथम नगर आगमन पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं भाजपा समर्थकों द्वारा भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए जैसे ही नेता नगर में पहुंचे, युवाओं ने फूल-मालाओं, आतिशबाजी एवं जोरदार नारेबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भीमा मड़कम ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने युवाओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। नेताओं ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में युवा मोर्चा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी ने संगठन के प्रति एकजुटता का परिचय देते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान में फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कौशल सावरकर, वीरेंद्र बघेल, फरसगांव मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव, उपाध्यक्ष प्रवीण पांडे, बड़ेडोगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सलाम, रामकुमार कोर्राम, केशकाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा, टीकम कोठारी, जसवंत नेताम, दिनेश नेताम, राकेश यादव, कपूर बैध सहित युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा 30 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर कोर्स का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

28 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के अंतर्गत सीओबी गोंडबीनापाल एवं रावघाट में आयोजित 30 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर कोर्स का शुंभारम्भ वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर वाहिनी कमांडेंट ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में कंप्यूटर ज्ञान न केवल रोजगार के अवसरों को बढ़ाता है, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी सशक्त करता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठाने एवं सीखी गई जानकारी को व्यवहार में लाने का आह्वान किया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में गोंडबीनापाल, कूरसेल, तरालकटा, कलगांव, अंतागढ़, सरायपारा, सारंगीपाल, कोलार, बैहासाल्हेभाट सल्हेभाट एवं फूलपाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों से आए छात्र एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कोर्स युवाओं को कंप्यूटर के मूलभूत ज्ञान, डिजिटल साक्षरता एवं तकनीकी दक्षता प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती एवं दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोड़कर उन्हें शिक्षा, रोजगार एवं आत्मविकास के नए अवसर उपलब्ध कराना है। स्थानीय नागरिकों एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा इस पहल की सराहना की गई।

### ललिता भारद्वाज बनी बंजारा समाज महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष

**फरसगांव।** ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष टी.सी. राठौर के निर्देश एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सदाशिव राम नायक के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष अजय नायक द्वारा ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ छत्तीसगढ प्रदेश के विभिन्न प्रकोष्ठ पदाधिकारियो का घोषणा किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष ललिता भारद्वाज पति नरेंद्र भारद्वाज निवासी फ़रसगाव को बनाया गया है।



ललिता भारद्वाज इसके पहले ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए समाज के प्रति सक्रिय भूमिका निभाते हुए जागरूक कार्य किया है। जिसमें परिणाम स्वरूप उन्हें अखिल बंजारा सेवा संघ छत्तीसगढ़ के द्वारा उन्हें महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. यह सम्पूर्ण जानकारी प्रदेश मिडिया प्रभारी रामकुमार भारद्वाज ने दी है।

ललिता भारद्वाज ने प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद सभी पदाधिकारियों और समाज का आभार माना। उन्होंने कहा कि महिलाओं का योगदान सभी क्षेत्रों में सर्वोपरि है, वे परिवार से लेकर समाज को आगे बढ़ाने में निश्वार्थ भाव से कार्य करती हैं। महिलाओं की एकता से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। ललिता भारद्वाज ने यह भी कहा कि जल्द ही छत्तीसगढ़ बंजारा समाज महिला प्रकोष्ठ का नया गठन किया जाएगा जिसमे सभी पदों के पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे, जिससे महिलाओं को समाज में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

### तनाव मुक्त रहेगा बच्चा, तो खुशी-खुशी देगा परीक्षा थीम पर 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों को किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



मोटिवेशनल कार्यशाला से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं परीक्षा को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को मिला। पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहें विद्यार्थियों के लिए एक मोटिवेशनल कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की थीम तनाव मुक्त रहेगा बच्चा तो खुशी-खुशी देगा परीक्षा रखी गई, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाते हुए 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम बेहतर अंकों के साथ सुनिश्चित करना रहा। मोटिवेशनल कार्यशाला में पीएमश्री सेजेस दुर्गूकोंदल के साथ-साथ डांगरा, सिहारी, कन्या हाई स्कूल एवं कन्या आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के दौरान तनाव से मुक्त रहने, सकारात्मक सोच बनाए रखने एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला में बच्चों को समय प्रबंधन, कठिन विषयों के लिए अलग रणनीति बनाकर अध्ययन करने, नियमित अभ्यास करने तथा स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के सुझाव दिए गए।

लेखन शैली को बेहतर बनाने, उत्तरों को स्पष्ट व व्यवस्थित रूप से लिखने पर जोर दिया गया। अंग्रेजी एवं हिंदी विषयों में व्याकरण, पत्र लेखन, निबंध लेखन पर विशेष ध्यान देने, जबकि गणित एवं विज्ञान विषयों में सूत्रों को समझकर याद करने और प्रश्नों का बार-बार अभ्यास करने की सलाह दी गई। साथ ही, पूर्व वर्षों के मेधावी विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं से सीख लेकर लिखने की शैली अपनाने पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अशोक जैन, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, संस्था के प्राचार्य अजय नेताम, व्याख्याता दिलीप सेवता, प्राचार्य डांगरा आरएन हिरवानी, प्राचार्य सिहारी दिलीप शोरी, व्याख्याता देवलाल शेन, समस्त विषय शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### मंच से मिला राष्ट्रबोध, संस्कार और नेतृत्व का संदेश

# बच्चों ने जीवंत किया नेताजी व स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

बेनर्जी पैलेस द्वारा आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं स्वामी विवेकानंद पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आज अत्यंत गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, संस्कार और आत्मविश्वास से ओत-प्रोत नई पीढ़ी के निर्माण का सशक्त संदेश बनकर उभरा,प्रतियोगिता में 147 बच्चों ने उत्साह, अनुशासन और ओजस्वी भाव-भंगिमाओं के साथ सहभागिता करते हुए मंच को जीवंत कर दिया। बाल कलाकारों ने सुभाष चंद्र बोस और स्वामी विवेकानंद के विचारों, आदर्शों और व्यक्तित्व को जिस आत्मीयता से प्रस्तुत किया, उसने उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अशोक मंडावी कक्षा 5, रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ,




द्वितीय स्थान मेघा रावटे बाल वाटिका/नर्सरी, केंद्रीय विद्यालय,तृतीय स्थान अक्षिता वर्मा कक्षा 2, केंद्रीय विद्यालय ने प्राप्त कर अपने-अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर वीरेंद्र बहादुर पंच भाई तथा नारायणपुर एसडीएम अभयजीत मंडावी ने बच्चों के प्रदर्शन की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में राष्ट्रबोध, आत्मसम्मान और नेतृत्व के संस्कार रोपित करते हैं, जो आगे चलकर सशक्त भारत का आधार बनते हैं।

#### आने वाली पीढ़ी विचारवान, निर्भीक और देशभक्त बने: अभिषेक

आयोजक अभिषेक बेनर्जी, ऑनर बेनर्जी पैलेस ने कहा कि बच्चों का यह उत्साह और आत्मविश्वास ही हमारे प्रयासों की सबसे बड़ी सफलता है हम सभी प्रतिभागी बच्चों के उज्ज्वल, संस्कारवान और राष्ट्रनिर्माता भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हैं ऐसे आयोजन निरंतर होते रहेंगे, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी विचारवान, निर्भीक और देशभक्त बने।

#### इन्होंने निभाई अहम भूमिका

निष्पक्ष और विद्वत निर्णायक मंडल में बृजेश्वरी रावटे प्राचार्य, माध्यमिक विद्यालय बांग्लापारा,रत्ना नशीने प्राचार्य, कृषि महाविद्यालय,विवेक कुमार गुप्ता उप-प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय,स्वामी अलिप्ती आत्मानंद महाराज एवं स्वामी वशुदानंदन महाराज रामकृष्ण मिशन ने अपनी विद्वत, संतुलित और प्रेरक भूमिका निभाई।कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन नारायण साहू एवं गरिमा कुमार ने किया, जबकि कार्यक्रम संचालन में स्वरूप कुमार हरि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर आयोजन को सुव्यवस्थित और स्मरणीय बनाया।

## पेज 9 के शेष

### पखांजुर मेला देखने...

तक राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर यातायात बाधित रहा। क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटाने और यातायात सामान्य करने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

### देवकोंगरा में फार्म...

सुरक्षित था और किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं दिखी। अगले दिन 13 जनवरी को सुबह करीब साढ़े 11 बजे जब वह दोबारा फार्म हाउस पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर चौंक गए। उन्होंने देखा कि चारों नलकूपों में लगे केबल वायर गायब थे। अज्ञात चोरों ने केबल को काटकर चोरी कर लिया था। उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ और तलाश भी की, लेकिन चोरी के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

पीड़ित की शिकायत पर थाना कांकेर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है और चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### आदिवासी संस्कृति, पर्यावरण...

उसके सामाजिक-सांस्कृतिक पक्षों का अध्ययन करने के लिए छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के सदस्य राजेन्द्र नेताम, अनुपम जोफर, दुष्यंत सोनकर एवं आधार सिंह दुग्गा ने कांकेर जिले के ग्रामीण अंचलों का भ्रमण किया। इस दौरान ग्राम तरांदुल सहित आसपास के गांवों में पर्व की परंपराओं और मूल भावनाओं को नजदीक से जाना गया।

### किरगापाटी में फूटा...

हो रहा है। ज्ञापन सौंपन के दौरान इस दौरान शत्रुघन हिड़को, सुरेंद्र दुग्गा, बलदेव शोरी, भुनेश्वर गावड़े, मनबहल दुग्गा, मानकी कचलाम, आसोबाई दुग्गा सहित लगभग 80 ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भानुप्रतापपुर–कांकेर मेन...

बाद परिजन तत्काल सरकारी अस्पताल भानुप्रतापपुर पहुंचे। वहां घायल का इलाज जारी है। अस्पताल में होश में आने पर धनीराम वट्टी ने पूरी घटना अपने बेटे को बताई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 125(ए) व 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कोलचूर में एसआईआर कार्य का सत्यापन जारी



**घाटलोहंगा/भोंड।** बस्तर विकास खण्ड अतर्गत ग्राम पंचायत कोलचूर में चल रहे एसआईआर कार्य के अंतर्गत दोनों बूथ सीकेटी गिरी के कुल 79 मतदाताओं के फॉर्म का कलेक्शन पूर्ण कर लिया गया है। एकत्रित फॉर्मों का सत्यापन नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ तरूण पाल लहरे द्वारा किया जा रहा है।
इस दौरान भाग संख्या 124 एवं 125 के दोनों बूथ केंद्रों पर संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। सत्यापन कार्य में बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ राम प्रसाद नागेश एवं कमला प्रसाद बैगा तथा सुपरवाइजर आयतु राम पाढ़े उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा एसआईआर कार्य को पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए सतत निगरानी की जा रही है, ताकि मतदाता सूची शुद्ध एवं अद्यतन बनाई जा सके।

### आसमती को मिला पक्का घर



**गीदम।** जनपद पंचायत गीदम के ग्राम पंचायत बड़ेपनेड़ा की निवासी आसमती सोमारू, जो खेती-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती थीं, वर्षों से कच्चे घर में रहने की मजबूरी झेल रही थीं। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए एक अप्राप्त सपना था।
बरसात के दिनों में टपकती छत और कमजोर दीवारों के बीच जीवन व्यतीत करते हुए आसमती को कभी नहीं लगा था कि उनके हिस्से भी एक सुरक्षित और टिकाऊ घर आएगा। लेकिन वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पात्रता सूची में नाम जुड़ते ही आसमती के जीवन में नई उम्मीदों का उजाला आया। आवास स्वीकृत होने के साथ ही उन्हें निर्माण के लिए आवश्यक राशि तथा मनरेगा के तहत 90 दिवस की मजदूरी की राशि सीधे बैंक खाते में प्रदान की गई।

# छात्र-छात्राओं को किया सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

यातायात पुलिस दंतेवाड़ा द्वारा 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अरुणोदय विद्यालय दंतेवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसर उल्लाह सिद्धिकी के मार्गदर्शन में 13 जनवरी को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। यातायात पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को संबोधित करते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति नियमों का पालन करे तो अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। जागरूकता सत्र के दौरान पुलिस टीम ने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के दुष्परिणाम समझाए। साथ ही हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा यातायात संकेतों के पालन पर विशेष जोर दिया गया।




कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका समाधान यातायात पुलिस द्वारा सरल एवं व्यावहारिक भाषा में किया गया। यातायात पुलिस ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और अपने परिवार तथा समाज को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। साथ ही यातायात पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में यातायात शाखा दंतेवाड़ा से यातायात प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार राठौर, सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र त्रिपाठी, यातायात पुलिस दंतेवाड़ा स्टाफ, विद्यालय स्टाफ एवं लगभग 400 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## महात्मा गांधी के नाम से भाजपा का द्वेष उजागर

# मनरेगा को खत्म कर काम के अधिकार पर हमला: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बकावंड के द्वारा ग्राम पंचायत बजावंड में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस की अनुशंसा पर आयोजित हुआ, जिसमें बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बघेल ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। बघेल ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम से संचालित योजना को समाप्त करने की कोशिश कर भाजपा ने एक बार फिर गांधी के प्रति अपना द्वेष उजागर कर दिया है। मनरेगा केवल एक योजना नहीं बल्कि देश के करोड़ों गरीब मजदूरों का संवैधानिक अधिकार है, जिसे खत्म करने की साजिश केंद्र सरकार कर रही है।

- शहरों की ओर पलायन बढ़ेगा और शहरी क्षेत्रों पर भारी दबाव पड़ेगा

बघेल ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने मनरेगा जैसी ऐतिहासिक योजना लागू कर गरीबों को काम का अधिकार दिया था, लेकिन आज भाजपा सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को खुश करने के लिए इस योजना को कमजोर कर रही है मनरेगा के बहाने केंद्र सरकार काम के अधिकार को ही समाप्त करना चाहती है। बस्तर विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा के कई महत्वपूर्ण प्रावधानों को खत्म कर दिया है।

अब केंद्र की मर्जी से चुनिंदा राज्यों और जिलों में ही काम दिया जाएगा इसके साथ ही राज्यों को मिलने वाली राशि में कटौती कर दी गई है और अब 40 प्रतिशत राशि राज्यों को स्वयं वहन करनी पड़ेगी इससे पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे राज्यों की कमर टूट जाएगी। बस्तर जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने कहा कि मनरेगा योजना को सीएजी समेत लगभग 200 से अधिक रिपोर्टों में बेहतरीन योजना बताया गया है कोविड-19 महामारी के दौरान यह योजना देश के गरीब मजदूरों के लिए जीवन रेखा साबित हुई थी इस योजना की सफलता ने केंद्र सरकार के दुष्प्रचार की पोल खोल दी है। बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी काम के अधिकार के साथ-साथ पंचायतों की शक्ति बहाली की मांग कर रही है तथा मनरेगा के तहत न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन किए जाने की मांग भी कर रही है उन्होंने मनरेगा बचाओ संग्राम की चार प्रमुख मांगों की जानकारी देते हुए कहा कि यदि यह योजना समाप्त होती है तो ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन बढ़ेगा और शहरी क्षेत्रों पर भारी दबाव पड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने मनरेगा बचाओ संग्राम के अन्य बिंदुओं से भी ग्रामीणों को अवगत कराया और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।



इस दौरान मौजूद रहे ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम बिसाईं, ब्लॉक प्रभारी हेमराज बघेल, आयतु राम भारती, जगमोहन बघेल, तुलाराम सेठिया, जानकी राम भारती, वीरेंद्र सेठिया, रियाज खान, मोहन झाली, नारायण बघेल, भगवान भारती, कार्तिक बघेल, सुरेश बघेल, निर्मला कश्यप, पुरन गोयल, गुड्डू, अनश खान, कृपालु कश्यप, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसी राम ठाकुर,बल्लु बघेल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## श्वेत क्रांति पर अंधेरे का ग्रहण
# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा क्षीर सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिला मुख्यालय स्थित 'क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति' आज खुद अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। जिस संस्थान को जिले के गौ-पालकों की समृद्धि का आधार होना चाहिए था, वह आज बिजली विभाग की कैंची और प्रशासनिक उदासीनता के कारण 'अंधेरे' में डूब गया है।

- पूर्व संचालक की देनदारी के चलते बिजली विभाग ने काटा कनेक्शन
- गौ पालक किसान कलेक्टर कार्यालय के सामने दूध क्रय नहीं होने के चलते सड़को पर फेंकेंगे दूध

ताजा घटनाक्रम के अनुसार, बिजली विभाग ने मिल्क प्लांट का कनेक्शन काट दिया है। जिसका मुख्य कारण पूर्व प्रबंधक गणेश यादव के कार्यकाल का बकाया बिजली बिल, जिसे पशु विभाग अब तक पृथक नहीं कर पाया है। वर्तमान संचालक मंडल द्वारा

पिछले एक साल से उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा दंतेवाड़ा से इस गम्भीर विषय पर पत्राचार करता आ रहा है, लेकिन पशु चिकित्सा विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। वही प्रशासन की लापरवाही, किसानों पर भारी पड़ रही है मिल्क प्लांट की बिजली कटने का सीधा मतलब है की संस्था की बर्बादी चूंकि प्लांट में रखा दूध, पनीर, खोवा और अन्य खाद्य सामग्री बिजली कट जाने के चलते अब सड़ने की कगार पर है। जिससे संस्था को लाखों रुपये के नुकसान का अंदेशा है, लेकिन सवाल यह है कि इस लापरवाही का खामियाजा गरीब किसान और संस्था क्यों भुगते, इस बर्बादी का कारण पशु विभाग है जिसके उदासीनता ओर लापरवाही के चलते आज जिले के किसानों के सामने संकट के बादल तब छा गए जब क्षीर सागर समिति द्वारा बिजली कट होने के चलते प्लांट बंद की स्थिति में बुधवार शाम से किसानों का दूध क्रय करने में अपनी असमर्थता व्यक्त कर दी। तथा किसानों को इसकी सूचना भी समिति द्वारा दी गई। इसके बाद दुग्ध व्यवसाय से जुड़े किसानों में भयानक आक्रोश दिखाई दे रहा है।

किसानों के सामने गौवंश को पालने के साथ जीवन यापन की समस्या खड़ी हो गई है। गौ पालक संघ के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया की कल क्षीर सागर दुग्ध लेकर पहुंचने वाले किसानों का दूध क्रय नहीं हुआ तो कलेक्टर कार्यालय के सामने दूध की नदिया बहेगी। शर्मा ने कहा की जब जिले के जवाब देह संवाद की भाषा भूल जाए तो किसानों का आक्रोश फूटना लाजमी है मिल्क प्लांट बंद होने से गौ पालक सड़क पर आ गए है।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल बिजली बहाल नहीं की गई और इस समस्या का समाधान नहीं निकला, तो कल से वे अपना दूध कलेक्टर कार्यालय के सामने सड़क पर फेंककर प्रदर्शन करेंगे।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी संघ मिला अधिकारियों से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी कार्यालय कर्मचारी संघ के द्वारा बस्तर संभाग के कर्मचारियों की लंबित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर संगठन का प्रतिनिधिमंडल विभिन्न अधिकारियों से मिला। प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पावर कंपनी अध्यक्ष रोहित यादव, प्रबंध निदेशक वितरण भीम सिंह कंवर, प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन शुक्ला, राजेन्द्र प्रसाद मुख्य अभियंता मानव संसाधन वितरण कंपनी और एम के परियल सर मुख्य अभियंता मानव संसाधन ट्रांसमिशन कंपनी 8 मांगों पर ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में गगन राज हिरवानी अध्यक्ष, धर्मेन्द्र देवांगन महामंत्री, योगेंद्र कश्यप कोषाध्यक्ष, पवन साहू और ललित यादव शामिल थे। विभिन्न अधिकारियों को दिए गए ज्ञापन में पदोन्नति और स्थानांतरण में विसंगति को दूर करने, पूरे प्रदेश में केंद्रीय कृत वरिष्ठता सूची लागू करने, नई नियुक्ति पर लगी रोग को हटाकर रिक्त डाटा एंट्री ऑपरेटर के 44 पदों पर भारती की जाए, 3 प्रतिशत विशेष प्रोत्साहन भत्ता कार्यालय कर्मचारी को, राज्य सरकार की लिखित सहमति के बावजूद पुराने पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है जिसे लागू किया जाए, उप संभाग स्तर पर अनुभाग अधिकारी के नए पद सृजित किए जाएं बस्तर संभाग संभाग में क्षेत्रवार वरिष्ठता लागू किया जाए साथ ही मुख्यालय के महत्वपूर्ण पदों पर योग्य कर्मचारी कर्मचारियों को भी आनुपातिक प्रतिनिधित्व दिया जाए, अनुकंपा पर नियुक्त कर्मचारियों को तत्काल नियमित किया जाए, आठवां वेतनमान के लिए बिजली कंपनी में बिना किसी विलंब के वेग कमेटी का गठन की मांग की गई है।





## स्व सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों की बालिकाओं को रोजगार से जोड़ने प्रशासन की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) एवं प्रदान संस्था के संयुक्त प्रयास से ग्रामीण स्व सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों की बालिकाओं बालिकाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। माँ दंतेश्वरी महिला संकुल संगठन, बालूद के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के परिवारों की शिक्षित बालिकाओं में से 08 बालिकाओं का चयन गैर-कृषि क्षेत्र में रोजगार हेतु किया गया है। इस पहल से संबंधित परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार की अपेक्षा है तथा बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। चयनित बालिकाओं को टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, बेंगलूरु स्थित मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में असेंबली ऑपरेटर पद पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के साथ उन्हें 19,800 रुपये मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। इस रोजगार हेतु सभी चयनित बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों की सहमति प्राप्त की गई है। संकुल संगठन द्वारा प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं समन्वय में निरंतर सहयोग दिया जा रहा है।

# ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की घोषणा से कांग्रेसियों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

सुकमा जिला में बीते लम्बे इंतेजार के बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नवनियुक्त की घोषणा कर दी गई है। जिसके चलते सुकमा जिला के संपूर्ण ब्लॉकों के कांग्रेस कार्यकार्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

कांग्रेस कार्यकर्ता ने मुख्य चौक चौराहे पर आतिशबाजी कर नारे लगाए। ज्ञात हो कि जिला अध्यक्षों की घोषणा के बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की घोषणा बची हुई थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सुकमा जिला में सुधीजनों एवं कर्मठ पार्टी नेताओं को यह जवाबदारी दी है। कोंटा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले इस 90 विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के लिए जिला अध्यक्ष सहित ब्लॉक अध्यक्षों की भूमिका कार्यनिष्टा अहम मानी जाती है। बीते लम्बे समय से यह सुकमा जिला का कोंटा विधानसभा कांग्रेस के पास है।

- कोण्टा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनाए गए सैय्यद उस्मान अली



राज्य विभाजित के पंद्रह साल भाजपा की सत्ता तथा वर्तमान में चौथी पारी पर काबिज भाजपा की सत्ता इस विधानसभा में अपना कब्जा नही जमा पाई है। कोण्टा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सैय्यद उस्मान अली को दायित्व दिया गया है।

वहीं दोरनापाल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माड़वी देवा जगरगुंडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से सुरेश पोंदी तथा सुकमा नगर से मोहम्मद हुसैन छिंदगढ़ से लखमाराम नाग सुकमा ब्लॉक से धर्मेंद्र चौहान को जवाबदारी दी गई है।

# 374 छात्राओं को साइकिल व स्कूलों को 5 स्मार्ट टीवी दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत आज लोहण्डीगुड़ा विकासखंड में विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने और उनकी नियमित विद्यालय उपस्थिति को प्रोत्साहित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल के करकमलों से कुल 374 छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया। साथ ही शैक्षणिक गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने की दिशा में 5 स्मार्ट टीवी भी विभिन्न विद्यालयों को प्रदान किए गए, जिससे बच्चों को डिजिटल माध्यम से पढ़ाई करने में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को सायकल प्रदान की गई।



इनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धाराऊर में 16 सायकल, शासकीय विद्यालय चित्रकोट में 78 सायकल, शासकीय विद्यालय बड़ाजी में 35 सायकल, शासकीय विद्यालय लोहण्डीगुड़ा में 37 सायकल, शासकीय विद्यालय ककनार में 4 सायकल, शासकीय विद्यालय कुम्हली में 13 सायकल सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को मिलाकर कुल 374 सायकल का वितरण किया गया। सायकल पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बन रही थी।

इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती सायकल योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के बच्चों, विशेषकर बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ना और विद्यालय तक आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि सायकल मिलने से बच्चों की स्कूल तक पहुंच आसान होगी, समय की बचत होगी और ड्रॉपआउट की समस्या में कमी आएगी। विधायक ने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, नियमित विद्यालय आने तथा अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। विधायक ने आगे कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ तकनीक का ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्यालयों में स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि बच्चों को डिजिटल शिक्षा, ऑडियो-विजुअल माध्यम और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का लाभ मिल सके। स्मार्ट टीवी के माध्यम से विषयों को सरल और रोचक तरीके से समझाया जा सकेगा, जिससे बच्चों की सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी शासन की इस योजना की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं ग्रामीण अंचलों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, जिला मंत्री रैतुराम बघेल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, बाबुल नाग, नरेश खापड़े, भरत कश्यप, सावेन्द्र सेठिया, अजय बघेल, उमेन्द्र ठाकुर, लखन ठाकुर गुड्डू कश्यप सुदरू सेठिया मांझीराम ठाकुर, राजूराम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, बीईओ शालिनी तिवारी, बीआरसी पिलाराम सिन्हा, विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान में रजत जयंती समारोह



**गीदम।** शासकीय उचित मूल्य दुकान गीदम में रजत जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चना व चावल का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में नगर पंचायत गीदम की उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता, पार्षद अवधेश गुप्ता तथा खिलावन सागर उपस्थित रहे। अतिथियों ने रजत जयंती की बधाई देते हुए इस पहल की सराहना की।

**खबर संक्षेप**



## कीट नियंत्रण के लिए बनाया गया पीली चिपचिपी ट्रैप और किया प्रदर्शन

**कांकेर।** कृषि महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा रावे रेडी कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत व्यासकोंगेरा के किसानो को फसलों में चूसक कीटों से होने वाले नुकसान को कम करने के उद्देश्य से खेत स्तर पर पीली चिपचिपी ट्रैप का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य किसानों को यह जानकारी देना था कि किस प्रकार बिना रासायनिक कीटनाशकों के चूसक कीटों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। ट्रैप के उपयोग से पीले रंग की ओर आकर्षित होकर एफिड, सफेद मक्खी एवं जैसिड जैसे चूसक कीट बड़ी संख्या में ट्रैप पर चिपकते हुए देखे गए। दो से तीन दिनों के भीतर ही खेत में कीटों की संख्या में स्पष्ट कमी देखी गई, जिससे फसल की वृद्धि एवं स्वास्थ्य में सुधार दिखाई दिया। इस तकनीक को अपनाने से किसानों को रासायनिक कीटनाशकों पर होने वाले खर्च से राहत मिलती है। साथ ही यह विधि पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के लिए भी सुरक्षित है। किसानों को सलाह दी गई कि वे नियमित रूप से पीली चिपचिपी ट्रैप का उपयोग कर कम लागत में टिकाऊ एवं सुरक्षित कीट नियंत्रण अपनाएं। यह जानकारी किसानों को हेमशिखा नागेश, कल्यानी सागिया, लेखराम साहू द्वारा दी गई।

## सूखत के नाम पर कांग्रेस ने 50 करोड़ के घोटाला होने की जताई आशंका

**पखांजुर।** परलकोट क्षेत्र में धान खरीदी के नाम पर हुए कथित 50 करोड़ रुपये के सुखत घोटाले ने अब राजनीतिक तापमान को चरम पर पहुंचा दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने मामले की परतें खोलने के लिए आठ सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है, जो लैम्पस केंद्रों से लेकर अफसरों के दफ्तरों तक सच्चाई की पड़ताल करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव ने बताया कि सूखत जांच के लिए गठित समिति का नेतृत्व प्रदेश सचिव जनक नंदन कश्यप को सौंपा गया है। टीम में हेमंत ध्रुव, रूप सिंह पोटाई, सुभद्रा सलाम, मुकेश ठक्कर, बबला पाढ़ी, इंद्रजीत विश्वास और सुप्रकाश मल्लिक को शामिल किया गया है। कांग्रेस की यह टीम परलकोट क्षेत्र के सभी लैम्पस केंद्रों का दौरा कर तीन अहम बिंदुओं पर जांच करेगी, जिसमें धान खरीदी और बाद में दिखाई गई सुखती से जुड़े रिकॉर्ड की जांच, दोषियों से अब तक कितनी राशि की भरपाई हुई, इसका पूरा ब्योरा और जिम्मेदार अधिकारियों से आमने-सामने सवाल और कार्रवाई की स्थिति का खुलासा होगा।

**राजनीति में उबाल तय**

कांग्रेस की यह जांच समिति जहां एक ओर घोटाले की सच्चाई सामने लाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर इसके निष्कर्ष आने के बाद स्थानीय राजनीति में बड़ा भूचाल आना तय माना जा रहा है। अब सबकी नजरें कांग्रेस की रिपोर्ट पर टिकी हैं।

## रायपुर बनाम मड़वा का फाइनल मैच आज

**जगदलपुर।** छग स्टेट पॉवर कंपनी के अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमी फाइनल बुधवार को हुआ। इसमें से सेमी फाइनल का पहला मैच में रायपुर क्षेत्र बनाम रायपुर सेंट्रल से रायपुर क्षेत्र जीता एवं दूसरा मैच में मड़वा क्षेत्र बनाम कोरबा पश्चिम में मड़वा क्षेत्र जीता। दूसरे सेमीफाइनल में मड़वा की 3 रन से रोमांचक जीता और 88 रन के छोटे से लक्ष्य को धारदार गेंदबाजी से डिफेंड किया।

# संक्रांति पर्व पर आनंद मेला का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज हायर सेकण्डरी सीबीएसई स्कूल में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आनंद मेला का आयोजन किया गया। स्कूल में आनंद मेला एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद कार्यक्रम है। इस मेला का उद्देश्य छात्रों में खुशी, सहयोग, रचनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देना है। आनंद मेला में छात्रों द्वारा खाने-पीने के स्टॉल, खेल-कूद, चित्रकला, विज्ञान मॉडल आदि लगाए गए। बच्चे स्वयं स्टॉल लगाकर खाद्य सामग्री बनाकर बेचने, जिसमें उन्हें व्यवसाय, गणना और जिम्मेदारी का अनुभव किया। आनंद मेला में शिक्षक और अभिभावक मेले में भाग लेकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। आनंद मेला में छात्रों द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में 20 स्टॉल लगाए। आनंद मेला में छात्रों ने टीमवर्क, आत्मविश्वास और सामाजिक व्यवहार का कौशल सीखा। इस अवसर पर आर्ट टीचर के मार्गदर्शन में आर्ट गैलरी का प्रदर्शन किया। आनंद मेला एवं मकर संक्रांति के अवसर पर प्राचार्य रश्मि रजक ने बच्चों एवं पालकों को बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल परिसर में राज कुमार फब्यानी, समाज सेवी अजय पप्पू मोटवानी एवं मेडिकल कॉलेज से आमंत्रित विशेष अतिथि डॉ. विमल चंद्र भगत, मनीष कुमार मार्तांडे ने बच्चों एवं स्कूल परिवार को मकर संक्रांति एवं आनंद मेला की शुभकामनायें एवं आशीर्वाद प्रदान किया। आनंद मेला पर प्री. प्राइमरी कक्षा के अधिक से अधिक बच्चों ने विभिन्न वेशभूषा पहनकर फैंसी ड्रेस में भाग लिया।



### शिक्षकों का रहा योगदान

मिडिल स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यककम में भाग लेकर पतंग पर्व मकर संक्रांति के अवसर मे सुमधुर गीत प्रस्तुत किए, छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक एवं एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा इस आनंद मेला में साइंस मॉडल, रोबोटिक्स लैब, जीम सामाग्री की प्रदर्शिनी लगाई गई थी। कार्यक्रम में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंद्रा, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

**सौगात :** गांव-गांव विकास की तैयारी, 15 वें वित्त आयोग से पंचायतों को मिला अनुदान

# 15 वें वित्त आयोग की पहली किश्त से पंचायतों को बड़ी सौगात, विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- जिला पंचायत को मिली 84 लाख से ज्यादा की राशि

ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मूल अनुदान की प्रथम किश्त जारी कर दी गई है। भारत शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार ग्रामीण जनसंख्या जनगणना 2011 एवं ग्रामीण क्षेत्रफल के अनुपात में 90:10 के फार्मूले के तहत यह राशि सीधे त्रिस्तरीय पंचायतों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत कांकेर को कुल 85 लाख 94 हजार 151 रुपये की राशि प्राप्त हुई है। उक्त राशि में से जनपद पंचायतों को अंतागढ़ 13,75,653 रुपये, भानुप्रतापपुर 15,99,499 रुपये, चारामा 17,15,391 रुपये, दुर्गूकोंदल 12,52,778 रुपये, कांकेर 17,04,939 रुपये, कोयलीबेड़ा 29,78,495 रुपये, नरहरपुर 19,41,608 रुपये जारी किया गया। इसके अतिरिक्त 15 वें वित्त आयोग की राशि सीधे जनपद पंचायतों के माध्यम से ग्राम पंचायतों को भी जारी की गई है, जिससे ग्रामीण स्तर पर विकास कार्यों को मजबूती मिलेगी। जनपद पंचायत अंतागढ़ के 56 ग्राम पंचायतों को 69,70,950 रुपये, भानुप्रतापपुर के 52 ग्राम पंचायतों को 81,04,915 रुपये, चारामा के 64 ग्राम पंचायतों को 86,91,825 रुपये, दुर्गूकोंदल के 44 ग्राम पंचायतों को 63,48,355 रुपये, कांकेर के 64 ग्राम पंचायतों को 86,38,825 रुपये, कोयलीबेड़ा के 102 ग्राम पंचायतों को 1,49,62,615 रुपये और नरहरपुर के 71 ग्राम पंचायतों को 98,38,235 रुपये की अनुदान राशि जारी की गई है। 15 वें वित्त आयोग की इस पहली किश्त से जिले की पंचायतों में विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा।




### सरपंच संघ ने जताया आभार

जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष व बनसागर के सरपंच संदीप कुंजाम ने जारी आवंटन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 15 वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त यह अनुदान ग्रामीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे ग्राम पंचायतों को अपने स्तर पर आवश्यक विकास कार्य जैसे सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का अवसर मिलेगा। इसके लिए हम भारत सरकार, राज्य शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता और जनहित में किया जाएगा।

### ग्रामीणों को समय पर मिलेगा लाभ

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने बताया कि जारी की गई राशि का उपयोग ग्राम पंचायतों द्वारा तैयार की गई स्वीकृत वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार अनटाइड फंड से किया जाएगा। उन्होंने समस्त जनपद एवं ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए हैं कि कार्ययोजना से संबंधित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि ग्रामीणों को समय पर विकास का लाभ मिल सके।

# डिजिटल फ्रॉड से बचने के लिए जागरुकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

देश में लगातार बढ़ते साइबर फ्रॉड से आए दिन कोई न कोई व्यक्ति साइबर क्राइम की शिकार बन रहे है। आज करोड़ों लोग मोबाइल कम्प्यूटर लैपटॉप आई पैड जैसे डिजिटल उपकरणों में इंटरनेट के जाल से एक दूसरे से जुड़े हुए है। जिस तरह से आज इंटरनेट से लोगो की कम समय में ज्यादा कार्य कर रहे है और अपनी पर्सनल डाटा नेट के माध्यम से सुरक्षित रखते है तो कुछ साइबर क्रिमिनल उस डाटा की गलत उपयोग कर लोगों को ब्लैकमेल करना, बैंक खाता से पैसा उड़ाना या कई ऐसे कार्य करते है जो लोगों को परेशान करती है, जिसे देखते हुए सरकार समय समय पर न्यूजपेपर टीवी सोशल मीडिया जैसे प्लेटफार्म पर साइबर क्राइम को रोकने के लिए जन जागरूकता और चेतावनी देती रहती है। ग्राम पंचायत भानबेड़ा के पंचायत भवन में डिजिटल फ्रॉड से बचने के लिए सायबर सुरक्षा डिजिटल जागरूकता शिविर का मंगलवार को सफल आयोजन किया गया। यह शिवर सीएससी अकादमी एवं वीजा प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया गया, जिसका संचालन अल्का बंसोड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और डिजिटल सुरक्षा सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। शिविर में



उपस्थित ग्रामीणों को अटल डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किस प्रकार इन सेवाओं का लाभ लेकर कैसे अपने दैनिक जीवन को सरल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी सेवाओं की जानकारी दी गई, जिसमें शासन की जितनी भी महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री बीमा योजना जन धन योजना से खाते और भी तमाम योजना जो शासन की जन कल्याणकारी योजना है। उसके सन्दर्भ में ग्रामीणों को विस्तार पुर्वक बताया गया। कार्यक्रम के दौरान सायबर शक्ति सुरक्षा अभियान के तहत बढ़ते सायबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी से ग्रामीणों को कैसे बचा जाए, उसको लेकर जागरूक किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि किसी भी परिस्थितियों में अपनी निजी जानकारी किसी भी व्यक्ति को शेयर न करे जैसे ओटीपी, पिन, बैंक विवरण या मोबाईल में भेजी गई एपीके फ़ाइल को न खोले सम्बंधित सभी प्रकार की जानकारी दी गई।

# बस्तर संभाग का ऐतिहासिक प्रदर्शन, राजस्व मंत्री टंक राम ने थपथपाई युवाओं की पीठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बलौदा बाज़ार में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में बस्तर संभाग के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। मंत्री के समक्ष बस्तर के पारंपरिक लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि इस दल में कांकेर जिले के पाँच स्वयं सेवक शामिल थे, जिसमें से सेजेस भानुप्रतापपुर लक्की यादव, चेष्टा कोमार्य, प्रतिभा बघेल एवं सेजेस भानबेड़ा से महिमा बघेल, धारिणी सिन्हा शामिल थे। इस गौरवपूर्ण अवसर पर छत्तीसगढ़ के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा ने बस्तर के युवाओं के प्रदर्शन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। संभाग की इस सफलता में कांकेर जिला संगठक भागीरथी नायक का कुशल मार्गदर्शन और समर्पण प्रमुख आधार रहा। बस्तर संभाग के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे उच्च अधिकारियों का विशेष भूमिका रही है, जिसमे डॉ. नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी, उच्च शिक्षा



विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत पूरे प्रदेश में एनएसएस की गतिविधियों को नई दिशा मिली है। बस्तर संभाग के युवाओं को राज्य स्तरीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए उन्होंने विशेष अवसर और संसाधन सुनिश्चित किए, जिससे युवाओं का मनोबल बढ़ा। डॉ. संजीवन कुमार कार्यक्रम समन्वयक, शहीद महेंद्र कर्मा विवि ने विश्वविद्यालय स्तर पर संभाग के सात जिलों के स्वयंसेवकों को एकजुट किया। उनके सूक्ष्म पर्यवेक्षण और सटीक योजना की बदौलत बस्तर की टीम ने हर विधा में अनुशासित और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बच्चों की इस उपलब्धि सेजेस भानुप्रतापपुर के प्राचार्य पीआर भारद्वाज, प्राचार्य भानबेड़ा राकेश द्विवेदी, उपप्राचार्य जयराम तेता, कार्यक्रम अधिकारी रवि प्रकाश लोहसिंह, राजेश शर्मा, महेश यादव, मिनेश्वर ठाकुर, राजेश चालकी ने बधाई दी है।

# मरकोटोला सरपंच पुणे की कार्यशाला में हुए शामिल, कार्यशाला को बताया उपयोगी

**धनेलीकन्हार।** पुणे में महिला हितैषी पंचायत की अवधारणा को सशक्त करने के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से 145 पंचायत प्रतिनिधियों एवं पंचायत सचिवों ने भाग लिया, जिसमें ग्राम पंचायत मरकाटोला (फतेचंद) के सरपंच मिथलेश कावड़े का कार्यशाला में सहभागिता के लिए चयन हुआ।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर महिलाओं की भागीदारी, नेतृत्व क्षमता एवं निर्णय प्रक्रिया में उनकी भूमिका को मजबूत करना था। प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से महिला हितैषी बजट, सुरक्षित एवं समावेशी पंचायत भवन, महिला केंद्रित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लैंगिक समानता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सरपंच मिथलेश कावड़े ने कार्यशाला के दौरान महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न नवाचारों और सफल मॉडलों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से पंचायत प्रशासन को नई दिशा मिलती है और जमीनी स्तर पर महिलाओं की समस्याओं को समझने में सहायता मिलती है।



उन्होंने कहा कि हमें सभी महिलाओ को सशक्त बनाना है, क्योकि महिलाए सशक्त होंगी, तो निश्चित हि हमारा परिवार समाज गांव, जिला और राज्य सब सशक्त होंगे, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यहा प्राप्त अनुभवों को अपने विकासखंड के समस्त पंचायत और अपने ग्राम पंचायत में बताने एवं लागू करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यशाला में समूह चर्चा केस स्टडी प्रस्तुतीकरण एवं फील्ड अनुभव साझा करने जैसे सत्र आयोजित किए गए, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने महिला हितैषी पंचायत के निर्माण हेतु अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया यह कार्यशाला पंचायतों को अधिक संवेदनशील समावेशी एवं महिला अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में जिले के बच्चों ने रचा इतिहास, विश्व रिकार्ड में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में कांकेर जिले की टीम ने इतिहास रचा। पूरे जंबूरी में छत्तीसगढ़ राज्य की तरफ़ से प्रतिनिधित्व करते हुए कांकेर जिले का दबदबा रहा। कांकेर जिले के टीम में सबसे ज्यादा अंदरुनी क्षेत्र के बच्चों को शामिल किया गया था ताकि वे क्षेत्र से बाहर निकाल कर विभिन्न देश के लोगों एवं राज्यों के लोगों की खान पान वेशभूषा, संस्कृति को करीब से जान सके। सांस्कृतिक कार्यक्रम आंगादेवता मड़ाई आदिवासी परिधान ने लोगों को आकर्षित किया। जिले के रोवर रेंजर ने लगभग 20,000 लोगों के एक साथ शपथ लेकर विश्व रिकार्ड के सहभागी बने।

09 से 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम राष्ट्रीय जम्बूरी में कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर के संरक्षण, जिला मुख्य आयुक्त भरत मटियारा के मार्गदर्शन, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त रमेश निषाद के दिशा निर्देशन एवं जिला प्रभारी प्रदीप कुमार सेन के नेतृत्व में 230 रोवर रेंजर स्काउटर गाइडर ने भाग लिया। जंबूरी में विभिन्न विधाओं एवं कलाओं पर प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें कांकेर जिले की टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया और अपनी एक अलग पहचान अन्य राज्य से आए लोगों के दिलों पर समाहित किया। कांकेर जिले की टीम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें कैंप, क्राफ्ट, मार्च पास्ट, झांकी ग्लोबल विलेज, प्रदर्शनी पायनियरिंग प्रोजेक्ट जिला गेट, निरीक्षण बीपी सिक्स जैसी विधाओं में प्रदर्शन किया। इस आयोजन में सहायक जिला प्रभारी संजय जूर्री, अभिमन्यु कुंवर, सुरेश कोरेटी, परमेश्वर ध्रुव, उत्तम कोड़ों, दिलीप ठाकुर, राजेन्द्र नरेटी, देवेन्द्र साहू, धार्मिक मरकाम, अधन कशयप, बागोमा रानी चक्रवर्ती, सहायक विधि मांझी, उर्मिला ठाकुर, सुशीला कोमरे, अम्बेश्वरी तुरसुनिया, सुनीता रावटे ज्योति गजपाल, कांकेर जिले से राज्य टीम में दन्तेश्वरी तिवारी, किरण ठाकुर, राजेन्द्र आर्ची, ओमप्रकाश सेन, वजिद खान अन्य स्काउटर गाइडर शिक्षक शिक्षिकाए शामिल रहे।

# दमकसा प्रवास के दौरान विधायक ने की जनचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड के दमकसा प्रवास के दौरान दमकसा चौक में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से विधायक ने चर्चा किया। इस दौरान क्षेत्रीय विकास, सामाजिक आयोजनों तथा आगामी सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक ने उपस्थितजनों की बातों को गंभीरता से सुना और क्षेत्रीय परंपराओं से जुड़े आयोजनों के संरक्षण पर जोर दिया।

परिचर्चा के दौरान 17 व 18 जनवरी को विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम गुड़फेल में आयोजित होने वाले कोलांग महोत्सव की तैयारियों को लेकर विधायक को आमंत्रित किए जाने संबंधी विषय पर विशेष चर्चा हुई। आयोजकों एवं ग्रामीणों ने महोत्सव के महत्व, उसकी सांस्कृतिक पहचान और क्षेत्रीय सहभागिता की जानकारी विधायक को दी। इस पर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कोलांग महोत्सव में शामिल होने की सहमति प्रदान करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र की लोकसंस्कृति, परंपरा और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। कोलांग महोत्सव जैसे कार्यक्रम आदिवासी एवं ग्रामीण संस्कृति की पहचान हैं और इन्हें शासन-प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों का पूरा सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि वे स्वयं उपस्थित रहकर ग्रामीणों का उत्साह बढ़ाएंगी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, भानुप्रतापपुर पूर्व जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल अध्यक्ष शोपसिंह आंचला, दीनदयाल पटेल, सोमदेव कोरोटी, शेरसिंह आंचला, झाड़ूराम उइका, उदय पुरामे, सियाराम दर्रो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




